Title: Need to ensure purchase of 'Rayada' by NAFED with a view to protect the interest of farmers in Gujarat.

श्री हरिसिंह चाव्ड़ा (बनासकांठा) : माननीय उपाध्यक्ष जी, सरकार ने रायड़ा क्रय करने के लिए सपोर्ट प्राइस निर्धारित की और किसानों को बचा लिया। केन्द्र सरकार ने यह एक अच्छा कदम उठाया और रायड़ा खरीदने का काम नैफेड को दिया। नैफेड ने राजस्थान और गुजरात में लाखों टन रायड़ा की खरीद की, लेकिन सरकार ने नैफेड को अभी तक पैसा नहीं दिया है जिसके कारण नैफेड ने रायड़ा की खरीद बन्द कर दी है। नैफेड द्वारा रायड़ा की खरीद बन्द करने से किसान फिर मुश्किल में आ गए हैं क्योंकि व्यापारी लोग बहुत कम कीमत में रायड़ा खरीद रहे हैं। इसलिए मेरी आपके माध्यम से सरकार से प्रार्थना है कि किसानों को बचाने के लिए रायड़ा की खरीद नैफेड के माध्यम से पुनः शुरू कराई जाए और इस हेतु नैफेड को पर्याप्त धनराशि दी जाए ताकि वह रायड़ा की खरीद पुनः शुरू कर सके। यदि ऐसा नहीं किया गया, तो व्यापारी किसानों का एक्सप्लॉयटेशन करेंगे। उन्होंने बहुत कम कीमत में रायड़ा खरीदना शुरू कर दिया है जिससे किसान बहुत मुश्किल में आ गए हैं। इसलिए सरकार से मेरी पुनः विनती है कि नैफेड को पर्याप्त मात्रा में धन दिया जाए और केन्द्र सरकार द्वारा रायड़ा के लिए जो सपोर्ट प्राइस तय की गई है, उस पर नैफेड किसानों से रायड़ा खरीदने का काम फिर से शुरू करे।